जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत क्रियान्वित विकास खण्ड धनीपुर की ग्राम शहबाजपुर पेयजल योजना पर माननीय विधायक, श्री अनिल पाराशर जी, विधानसभा–कोल द्वारा किये गये निरीक्षण का संक्षिप्त विवरण

जनपद अलीगढ़ की विधानसभा कोल के अन्तर्गत फर्म मै0 पी0एन0सी0 द्वारा क्रियान्वित विकास खण्ड धनीपुर की शहबाजपुर पेयजल योजना का माननीय विधायक, श्री अनिल पाराशर जी द्वारा दिनांक 06.06.2025 को स्थलीय निरीक्षण किया गया, योजनान्तर्गत नलकूप 1 नग, पम्प हाउस 1 नग, वितरण प्रणाली 7130 मी0, 225 कि0ली0/14 मी0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, बाउन्ड्रीवाल 1 नग एवं 563 नग गृह जल संयोजन के कार्य प्रस्तावित हैं, जिन्हें शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है तथा ग्राम में पाइप लाइन बिछाते समय सड़को पर काटी गई ट्रैंच के पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। योजनान्तर्गत सुबह–शाम 02–02 घण्टे क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है तथा निरीक्षण के दौरान भी क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही थी, एफ0टी0के0 महिलाओं द्वारा मौके पर क्लोरीन तथा टी0डी0एस0 जल जांच की गई, जोकि मानक के अनुसार पाई गई। कुछ ग्रामवासियों द्वारा पानी का प्रेशर कम होने की शिकायत की गई, परियोजना प्रबन्धक मै0 पी0एन0सी0 द्वारा उक्त का कारण काफी जल संयोजनो कीटोंटी का क्षतिग्रस्त किया जाना तथा टोंटी को खुला छोड़ना बताया गया, जिसपर मा0 विधायक जी के द्वारा निर्देश दिये गये कि क्षतिग्रस्त टोटीं एवं रोड़ ट्रेंच पेच मरम्मत कराते हुये माह अगस्त 2025 तक समस्त कार्य पूर्ण करा लिये जाये तथा ग्रामवासियों से भी अनुरोध किया गया कि योजना जनता की ही सम्पत्ति है, इसकी सुरक्षा जिम्मेदारी से करें तथा भविष्य की पीढी के लिये अनावश्यक जल का दुर्पयोग रोकें।माननीय द्वारा ग्रामवासियों को स्वच्छ जल आपूर्ति एवं जल संरक्षण हेतु विभाग द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गयी,



(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़

पत्रांक 23 / जा० शा० / 39 दिनांक 08/06/2025

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्री अनिल पाराशर जी, माननीय विधायक, विधानसभा कोल, अलीगढ़ को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै पी0एन0सी0 अलीगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधिशासी अभियन्ता